An ISO 9001:2015 certified

पत्रांक : VOC/68/JEPC/03/2025/---3279

# झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद्, राँची

प्रेषक,

दिनांक :......17.8.2026

शशि रंजन, भा.प्र.से.
राज्य परियोजना निदेशक।

सेवा में,

सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–जिला कार्यक्रम पदाधिकारी,
सभी जिला शिक्षा अधीक्षक–सह–अपर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी,
समग्र शिक्षा, झारखण्ड।

**विषय :** झारखण्ड में आयोजित वैश्विक युवा तम्बाकू सर्वेक्षण– Global Youth Tobacco Survey (GYTS-5) में सहयोग करने के संबंध में।

**प्रसंग :** राज्य नोडल पदाधिकारी, एनटीसीपी सेल, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, झारखण्ड, राँची के पत्रांक 81(NCD) दिनांक 16.06.2026 के आलोक में

महाशया/महाशय,

उपरोक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के आलोक में अंकित करना है कि राष्ट्रीय जनपदिक रोग विज्ञान संस्थान, भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद् (ICMR), स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय (MoHFW) भारत सरकार द्वारा सभी राज्यों एवं केन्द्र शासित प्रदेशों में वैश्विक युवा तम्बाकू सर्वेक्षण (GYTS-5) का पाँचवें चरण का आयोजन किया जा रहा है। यह स्कूल आधारित सर्वेक्षण13–15 वर्ष आयु के किशोरों/युवाओं पर केन्द्रित है, जो 8वी, 9वीं एवं 10वीं कक्षा में अध्ययन कर रहे हैं। इस सर्वे का उद्देश्य तम्बाकू उपयोग के तरीकें तथा जोखिम कारकों को समझना है।

पूर्व में यह सर्वेक्षण जनवरी एवं फरवरी, 2026 के दौरान आयोजित किया जाना था। परन्तु राष्ट्रीय जनपदिक रोग विज्ञान संस्थान, भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद् (ICMR), स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय (MoHFW) भारत सरकार द्वारा तिथि संशोधित करते हुए यह सर्वे अगस्त,2026 से दिसम्बर,2026 के दौरान की जायेगी। सर्वे के लिए चयनित विद्यालयों की सूची पत्र के साथ संलग्न है।

ज्ञात हो कि वैश्विक युवा तम्बाकू सर्वेक्षण–4 के अनुसार झारखण्ड में 13–15 वर्ष के बच्चों में तम्बाकू के लत का 5.1% है, जो राष्ट्रीय स्तर 8.5 से कम है। तम्बाकू सर्वेक्षण का आयोजन भारत सरकार द्वारा प्रत्येक 5 वर्षो पर किया जाता है। यह सर्वेक्षण 13–15 वर्ष के किशोरों/युवाओं में तम्बाकू सेवन के स्तर एवं तरीकों को जानने के लिए किया जाता है।

अतः निदेश है कि पत्र में संलग्न विद्यालयों की सूची के अनुसार आप अपने जिले के सूचीबद्ध विद्यालयों को सर्वेक्षण कार्य में सहयोग करने हेतु अपने स्तर से निदेशित करेंगे, ताकि राज्य के 13–15 वर्ष आयु के बच्चों में तम्बाकू के लत के स्तर एवं तरीकों को समझा जा सके एवं इन्हें तम्बाकू से विमुक्ति हेतु राज्य एवं केन्द्र सरकार द्वारा उचित कार्ययोजना तैयार की जा सके।

अनुलग्नक : यथोक्त।

विश्वासभाजन
14/08/26
(शशि रंजन)
राज्य परियोजना निदेशक

ज्ञापांकः ME/01/1283/2024/Part File 2/---3279
प्रतिलिपिः–

राँची, दिनांक.......17.8.2026

1. सचिव, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड सरकार को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
2. निदेशक, प्राथमिक शिक्षा/निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, झारखण्ड, राँची को सूचनार्थ प्रेषित।
3. अभियान निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, झारखण्ड, राँची को सूचनार्थ प्रेषित।
4. निदेशक, जे.सी.ई.आर.टी., रातु, राँची को सूचनार्थ प्रेषित।
5. राज्य नोडल पदाधिकारी, एन.टी.सी.पी., राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, झारखण्ड, राँची को सूचनार्थ प्रेषित।
6. कार्यपालक निदेशक, सोशियो इकोनॉमिक एण्ड एजुकेशनल डेवलॉपमेंट सोसाईटी (सीड्स), झारखण्ड राँची को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

14/08/26
(शशि रंजन)
राज्य परियोजना निदेशक

जे.एस.सी.ए. स्टेडियम रोड, सेक्टर-3, धुर्वा, राँची-834004 दूरभाष:0651-2444501, 2444502 ई-मेल:jepcranchi1@gmail.com